नेशनल इंटर कालेज में ऐतिहासिक विज्ञान प्रदर्शनी व मेले का आयोजन

by navsatta December 22, 2023

विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी व बाल मेला

रमाकांत बरनवाल | 22 दिसम्बर 2023

सुलतानपुर,नवसत्ता :- जनपद के कादीपुर स्थित नेशनल इंटर कॉलेज परिसर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी के साथ-साथ बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग 140 चल अचल विज्ञान के माडल प्रस्तुत हुए। प्रदर्शनी के प्रथम सत्र का शुभारंभसरस्वती पूजन के बाद हुआ जहां विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के साथदेशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर किया व कक्षा 12 के छात्र अंशुमान मौर्य व छात्राओं ने संस्कृत भाषा में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्राओं ने दहेज गीत 'दहेज के भिखारियों सावधान' प्रस्तुत कर दहेज की मांग करने वालों को अच्छा सबक दिया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि यू पी क्वाइन सोसइटी चेयरपर्सन रणविजय सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विज्ञान माडल की प्रशंसा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम व कादीपुर स्थित नेशनल इंटर कालेज के पूर्व छात्र तथा हवा से चलने वाली मोटरसाइकिल की खोज कर देश व विदेश में इसे पेटेंट कराने वाले डा भरत राज सिंह ने बताया कि वे विज्ञान के छात्र रहते हुए हर घटना के प्रति जिज्ञासु रहते थे जिसके चलते आज वे सेवा निवृत्त होने के बाद भी छात्र बनकर शोध कार्य में जुटे रहते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को जिज्ञासु बनने की सलाह दिया व कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा समान रूप से होती है केवल वही छात्र आगे बढ़ सकते हैं जो निरंतर क्रियाशील रहकर चिंतन-मननशील और प्रयोगी प्रवृत्ति के होते हैं।

प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा विविध विषय के 140 चल व अचल मॉडल प्रस्तुत किए गए जिसमें भौतिक विज्ञान वर्ग के छात्रों द्वारा 30 रसायन विज्ञान के छात्रों द्वारा 15 जीव विज्ञान 25 तथा कृषि एवं वाणिज्य वर्ग में 15 तथा शेष मॉडल मानविकी वर्ग से संबंधित थे। मानविकी वर्ग में अंशुमान मौर्य ने वीणा पाणि मां सरस्वती की जीवंत प्रतिमा स्वयं बनाकर प्रस्तुत किया जो प्रदर्शिनी का आकर्षक मॉडल था इसके अतिरिक्त कला में मधु गौड़ ने विद्यालय का भव्य प्रतिरूप प्रस्तुत किया। भौतिक विज्ञान में छात्र शिवकुमार द्वारा टेस्ला कॉइल एवं एवं तनु शर्मा द्वारा एटीएम मशीन अतुल व आदित्य यादव ने गणित पार्क का मॉडल प्रस्तुत किया ।जीव विज्ञान वर्ग में श्री

राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में छात्रों द्वारा रुधिर वर्ग, रूधिरताप, रुधिर शर्करा की जांच व शरीर का भार का माडल किया गया ।

समापन सत्र में नगरपंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल व सन्त तुलसीदास महाविद्यालय विज्ञान विभाग विषय प्रमुख पूर्व प्रधानाचार्य इंटर कालेजचक्के जौनपुर डा एम पी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रछात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे। छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने विद्यालय परिसर में एक शौचालय निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनी संयोजक प्रधानाचार्य डॉ के डी सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विज्ञान प्रदर्शनीमें भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की प्रतिभा की सराहना के साथ प्रदर्शनी को सफल बनाने व निर्देशन करने वाले शिक्षकों दिनेश कुमार यादव , राजेश चंद्र पाठक , धर्मेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रदेव दूबे, राकेश कुमार सिंह अनिल कुमार यादव, अजय बहादुर सिंहराकेश कुमार पांडेय , राम प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुशील यादव, नवनीत गुप्ता, सुनील कुमार , अतुल कुमार मिश्रा आदि के अथक परिश्रम की सराहना किया। तहसील स्तर की इस प्रदर्शनी एवं बाल मेले में छात्र छात्राओं ने खाने आदि सामग्री की दूकान लगा व्यापार की कला सीखा जहां लोगों ने खरीददारी कर छककर खाया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अजय बहादुर सिंह ने किया।

---

https://navsatta.com/2023/12/22/historical-science-exhibition-and-fair-organized-in-national-inter-collegenavsatta/